प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

**दोपहर समाचार**

दिनांक 05.02.2025 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

**प्रधानमंत्री - महाकुम्भ**

प्रयागराज महाकुम्भ में आज दोपहर 12 बजे तक 55 लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आज प्रयागराज में महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। पिछले वर्ष दिसंबर में प्रयागराज की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये की एक सौ 67 परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। इससे आम आदमी के लिए संपर्क व्यवस्था और सुविधाएं बेहतर हुईं हैं। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट:

**वाटरशेड यात्रा**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल लाए धन-धान्य, थीम पर आधारित वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ किया। अभियान के तहत 805 परियोजनाओं में लगभग 60 से 90 दिनों तक वाटरशेड यात्रा वैन चलेगी, जो 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 6 हजार 673 ग्राम पंचायतों के 13 हजार 587 गांवों तक जाएगी। वाटरशेड यात्रा को लेकर श्री चौहान ने कहा कि जल हमारे जीवन का आधार है, जल है तो जीवन है। इसलिए मैं आह्वान करता हूँ, अपने लिए और अपनों के लिए पानी और मिट्टी बचाएं।

**मुख्यमंत्री एनसीसी**

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड 2025 में सम्मिलित हुए एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं समाज सेवा के गुणों का बीजारोपण करने में एनसीसी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कैडेट से सदैव राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहने की अपील की ।

मुख्यमंत्री ने आज नन्ही खुशियां कार्यक्रम में बेटे-बेटियों से संवाद भी किया।

**मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण**

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आज हुए समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री ने 12 मेधावी विद्यार्थियों के स्कूटी की चाबी भेंट कर उनसे चर्चा की। जबकि 7 हजार 888 विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक प्रमाण पत्र जारी किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरिट भर से काम नहीं बनेगा, नैतिकता भी चाहिए। घर के अंदर कुछ भी चलता रहे लेकिन बाहर यह बात नहीं जानी चाहिए। हमारे संस्कार ऐसे होने चाहिए कि हम आपस के मनमुटाव को बाहर दिखने न दें।

**कूनो शावक**

श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। मादा चीता वीरा ने दो शावकों को जन्म दिया है। इस तरह कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अब 14 शावकों और 12 वयस्क चीतों के साथ कुल संख्या 26 हो गई है। केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शावकों के जन्म पर खुशी व्यक्त करते हुए कूनो राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन को शावकों पर विशेष नजर रखने के लिए भी कहा है।

**समाचार संक्षेप में...**

- केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 8 फरवरी को शिवपुरी दौरे पर रहेंगे । वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- आकाशवाणी के वयोवृद्ध समाचार वाचक, वेंकटरामन का कल रात चेन्नई में निधन हो गया। 102 वर्षीय वेंकटरामन ने 15 अगस्त 1947 की सुबह आकाशवाणी दिल्ली से भारत की स्वतंत्रता के समाचार को प्रसारित किया था। वे 64 वर्षों तक आकाशवाणी के साथ जुड़े रहे।
- जबलपुर के सिहोरा थाना क्षेत्र में बहोरीबंद मार्ग पर एक यात्री बस पेड़ से टकराकर नाले में गिर गई। इस दुर्घटना में 30 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 4 की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।
- नर्मदापुरम जिले में नर्मदा जयंती पर सेठानी घाट में आटे से बने 1 लाख 25 हजार दीपक का दान किया गया।

---------------------